CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 237 ▫ रायपुर, शनिवार 20 सितम्बर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## दुर्ग पुलिस ने पकड़ी नोटों की बड़ी खेप

## महाराष्ट्र पासिंग गाड़ी में मिले 6 करोड़ 60 लाख

**दुर्ग/रायपुर,** 20 सितम्बर (हाईवे चैनल)। कुम्हारी थाने के अंतर्गत पुलिस ने आज सुबह जांच के दौरान महाराष्ट्र पासिंग दो स्कार्पियों गाड़ी से बड़ी मात्रा में नोट मिले. इस संबंध में गाड़ी में सवार लोगों जानकारी मांगी गई तो वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाए. बड़ी खेप में गाड़ी से नोट मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर डीएसपी अलेक्जेंडर किरो के साथ कुम्हारी टीआई जनक कुर्रे पहुंच गए. पुलिस पकड़े गए लोगों से नोट के संबंध में पूछताछ कर रही है.




जानकारी के अनुसार, बड़ी मात्रा में मिले नोटों के साथ पकड़े गए चारों व्यक्ति मूलतः गुजरात के रहने वाले हैं. चारों शख्स इन नोटों को ऊपर से मिलने वाले निर्देश पर रायपुर से गुजरात जाते समय बीच रास्ते में बांटते हुए जाते. नोट के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखाए जाने से इस बात की पूरी आशंका है कि यह पैसा हवाला का है, जिसे अलग-अलग जगह खपाया जाने वाला था. रायपुर से गुजरात जा रहे लोगों से बड़ी मात्रा में नोट मिलने की पुलिस से मिली सूचना के बाद आयकर विभाग की भी टीम मौके पर पहुंच चुकी है. दो गाड़ियों में आयकर विभाग के अधिकारी पूछताछ करने के लिए कुम्हारी थाना पहुंचे हैं. आयकर विभाग की टीम नोट से स्त्रोत के साथ-साथ इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसकी पड़ताल करेगी.

## सर्प दंश से पिता-पुत्र सहित एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

**कोरबा,** 20 सितम्बर (हाईवे चैनल)। दर्री थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में शुक्रवार की तड़के घर में सो रहे एक ही परिवार के तीन लोगों को जहरीले सांप ने काट लिया. इस घटना में सांप के काटने से पिता-पुत्र की मौत हो गई है,जबकि गंभीर रूप से आहत हुई महिला का उपचार मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में चल रहा है.



इंदिरा नगर जमनीपाली में शुक्रवार की तड़के सुबह करीब 3 बजे यह घटना हुई. यहां निवासरत चूड़ामणि भारद्वाज (52) उसकी पत्नी रजनी भारद्वाज (45) वर्ष अपने पुत्र प्रिंस (10)के साथ घर में एक ही जगह पर सो रहे थे. इस बीच रात में तीनों को जहरीले सांप ने काट लिया. चूड़ामणि और उसके पुत्र को सांप के काटे जाने का पता नहीं चला, लेकिन रजनी भारद्वाज ने सांप को देख लिया. उसको भी सांप ने काट लिया था. रजनी ने किसी तरह घटना की जानकारी चूड़ामणि के भाई को दी. इसके बाद तीनों को रात में ही उपचार के लिए जमनीपाली के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया. लेकिन यहां हॉस्पिटल को खुलवाने में ही आधे घंटे का समय बीत गया. इसके बाद यहां उपस्थित कर्मचारियों ने अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम नहीं होने की बात कहते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाने को कहा. इधर सांप के काटे जाने से तीनों की हालत काफी बिगड़ गई थी. इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने चूड़ामणि भारद्वाज और उसके पुत्र प्रिंस भारद्वाज को मृत घोषित कर दिया. वहीं रजनी भारद्वाज की हालत चिंताजनक बनी हुई है. उसका मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ही उपचार चल रहा है. मृतक के परिजन जमींपाली हॉस्पिटल में उपचार नहीं होने से नाराज थे. वहीं परिजन इस बात की भी मांग कर रहे थे कि पीएम रिपोर्ट में सर्पदंश से मौत का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए. इसे लेकर परिजनों ने डॉक्टर आक्रोश जताया. इससे मौके पर हमने की स्थिति निर्मित हो गई थी.

## ब्रेकिंग न्यूज

### कल लगेगा साल का आखिरी सूर्य ग्रहण



**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (न्यूज चैनल)। साल 2025 का दूसरा और अंतिम सूर्य ग्रहण 21 सितंबर को लगने जा रहा है। सूर्य ग्रहण न केवल एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना है, बल्कि इसका धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टिकोण से भी विशेष महत्व होता है। परंपरागत मान्यताओं के अनुसार सूर्य ग्रहण को शुभ नहीं माना जाता है और इसके दौरान कई सावधानियां बरतने की सलाह दी जाती है। इस ग्रहण को लेकल लोगों के मन में सवाल उठ रहे हैं, कि सूर्य ग्रहण का असर कब और कहां दिखाई देगा, क्या भारत में इसका सूतक काल मान्य होगा या नहीं, और ग्रहण के दौरान क्या करना चाहिए व क्या नहीं।

### मशरूम बिनने गई महिला पर हाथी ने किया हमला, मौत

**जशपुर,** 20 सितम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में हाथियों के हमले बढ़ रहे हैं. ताजा मामला कुनकुरी विकासखंड के कुड़ुकेला जंगलपारा से सामने आया है, जहां शनिवार सुबह हाथी ने महिला पर हमला कर दिया. घटना को लेकर ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ नाराजगी है. वह वन टीम पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं जानकारी के मुताबिक, घर से 200 दूर जंगल की ओर ज्योति मिंज (44 साल) खुखड़ी (जंगली मशरूम) बिनने गई थी. घर वापस लौटने के दौरान वहां अचानक हाथी पहुंच गया, जिसके बाद उसने महिला पर पैर से हमला कर दिया.




चूहा- सुनती हो, हमारे प्रदेश में भी 1 जनवरी-2026 से एसआईआर शुरू हो जाएगा।

चुहिया- हां जी, फिर बिहार की तरह छाया रहेगा छत्तीसगढ़।

## मोदी के लिए खुशखबरी

## पुतिन ने भारत के न्यूक्लियर प्रोजेक्ट्स को लेकर किया बड़ा ऐलान, अमेरिका-चीन व पाक को लगेगी मिर्ची

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (न्यूज चैनल)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनेभारत के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने अपने खास दोस्त प्रधानमंत्री को एक खास पेशकश की है। भारतीय और रूसी अधिकारियों ने असैन्य परमाणु ऊर्जा सहयोग के तहत बड़े और छोटे न्यूक्लियर पावर प्लांट्स के स्थानीयकरण में सहयोग की पेशकश की है। यह घोषणा रूस के सरकारी परमाणु ऊर्जा निगम रोसाटॉम ने की। रोसाटॉम के महानिदेशक एलेक्सी लिखाचोव ने 15-20 सितंबर को वियना में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के 69वें वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह सहयोग मोदी सरकार के ऊर्जा आत्मनिर्भरता और रणनीतिक सुरक्षा एजेंडे को मजबूती देने वाला कदम है। साथ ही यह भारत-रूस दोस्ती और दोनों देशों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी का भी प्रतीक है। विज्ञप्ति में कहा गया कि दोनों पक्षों ने तमिलनाडु के कुडनकुलम एनपीपी में चरण 2 और 3 के लिए निर्माणाधीन चार इकाइयों की प्रगति की समीक्षा की। इसके अलावा, भारत में रूसी डिजाइन वाले बड़े और छोटे न्यूक्लियर पावर प्लांट्स के क्रमिक निर्माण के लिए आगे के सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा हुई।कुडनकुलम एनपीपी के पहले चरण में पहले ही दो इकाइयां चालू हो चुकी हैं। इस सहयोग से भारत के स्थानीय औद्योगिक और तकनीकी क्षमताओं का भी फायदा मिलेगा और देश को ऊर्जा सुरक्षा में मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम केवल ऊर्जा सहयोग तक सीमित नहीं है। अमेरिका, चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के लिए संदेश भी है । रूस के समर्थन से भारत के न्यूक्लियर प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा मिलने से क्षेत्रीय शक्ति संतुलन पर असर पड़ेगा। पाकिस्तान के लिए यह चिंता का विषय है, क्योंकि न्यूक्लियर तकनीक में भारत की बढ़ती ताकत उसकी रणनीति को चुनौती दे सकती है। चीन और अमेरिका भी भारत की इस बढ़ती ऊर्जा क्षमताओं को नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते।



## ड्यूटी पर लौट रहे सीआरपीएफ जवानों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी, 4 गंभीर रूप से घायल, ड्राइवर मौके से फरार





**बालोद,** 20 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. रायपुर से छुट्टी के बाद वापस ड्यूटी पर लौट रहे सीआरपीएफ जवानों से भरी बस हादसे का शिकार हो गई. शुक्रवार की देर रात यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। 4 यात्रियों गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक जवान के हाथ में चोट आई है। घायलों को शहीद हॉस्पिटल इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. घटना दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के शिकारीटोला गांव की है।

जानकारी के मुताबिक,लगभग 16 सीआरपीएफ जवान छुट्टी मनाकर वापस ड्यूटी पर लौटने के लिए रायपुर से यात्री बस (पायल ट्रेवल्स) में सवार हुए थे. बस में सीआरपीएफ जवान और करीब 15 यात्री सवार थे. सभी जवान भोपालट्टनम कैंप में ड्यूटी पर लौट रहे थे. इनमें एएसआई सुभाष सिंह भी शामिल थे. शिकारीटोला गांव के नजदीक देर रात 12:15 बजे बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई. हादसे में 4 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं 1 जवान के हाथ पर गंभीर चोटें आई है.

बस चालक मौके से फरार हो गया है. हादसे के बाद घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया. सीआरपीएफ जवानों के सामान और मोबाइल बस के नीचे दब गए हैं. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## हड़कंप की सूचना! अचानक हाई अलर्ट मोड पर आया रायपुर रेलवे स्टेशन, डॉग स्क्वायड के साथ स्टेशन पहुंची टीम

**रायपुर,** 20 सितंबर (हाईवे चैनल)। रेलवे स्टेशन अचानक रात में एक हड़कंप की सूचना के बाद हाई अलर्ट मोड पर आ गया। सब जगह वर्दी में आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी-स्टॉफ नजर आ रहे थेज मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम मौजूद थीज लेकिन थोड़ी देर बाद लोगों ने राहत की सास ली। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए रायपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया. यह अभ्यास 19 सितंबर 2025 को शाम 7.30 बजे से रात 9.45 बजे तक आयोजित किया गया।



मॉक ड्रिल का नेतृत्व वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रमन कुमार और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने किया. इस दौरान मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश कुमार, सहायक वाणिज्य प्रबंधक आनंद, सहायक सुरक्षा आयुक्त संदीप दा खीरटकर, पोस्ट प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर, सीआईबी निरीक्षक निशा भोईर, जीआरपी थाना प्रभारी भोलानाथ मिश्रा, मुख्य स्टेशन प्रबंधक रमेश मंडल, और टी. नाग (सीसीआई) सहित कुल 77 अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। मॉक ड्रिल में होल्डिंग एरिया, प्रवेश/निकास बिंदु, बुकिंग काउंटर, फुट ओवर ब्रिज (एफओबी), और प्लेटफॉर्म पर भीड़ नियंत्रण का अभ्यास किया गया. लाउड हेलर और पीए सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को दिशा-निर्देश दिए गए, साथ ही स्टेशन पर गश्त और चेकिंग की गई. इस दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 5 और 6 पर गाड़ी संख्या 18029 और 15160 के आगमन और प्रस्थान को सुरक्षित रूप से संचालित किया गया।

## नक्सली बंद करें आम लोगों की हत्या करना, आईईडी भी हटा लें : विजय शर्मा

**रायपुर,** 20 सितम्बर (हाईवे चैनल)। नक्सली संगठन के शांति वार्ता के पत्र पर गृहमंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान सामने आया है. गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि नक्सली आम लोगों की हत्या करना बंद करें और प्लांट किए गए आईडी को भी हटा लें. उन्होंने बताया कि नक्सलियों की ओर से मिला पहला पत्र पोलित ब्यूरो मेंबर का है, जबकि दूसरा पत्र ज्यूनियर कैडर का है, जो तेलंगाना से है.



शराब घोटाला मामले को लेकर ईडी द्वारा पैसे कार्टून में भरकर कांग्रेस भवन पहुंचने के खुलासा को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया. उन्होने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार में प्रशासन को झोंका गया था. अभी रोज नई-नई कथाएं आएगी. कांग्रेस सरकार के दबाव में अच्छे अधिकारी भी फंसे. यह सच्चाई है, तभी जांच में बातें आ रही है. शराब व्यापार के लिए बाहरी को प्रश्रय दिया गया.

## सड़क दुर्घटना में घायल के लिए विधायक भावना बोहरा ने रोका काफिला, निजी वाहन से भिजवाया

**कवर्धा,** 20 सितम्बर (हाईवे चैनल)। पांडातराई के पास शुक्रवार रात दर्दनाक हादसा हो गया. दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. सड़क पर वह खून से लथपथ हालत में वह सड़क पर तड़प रहा था. इस दौरान घटनास्थल से गुजर रही भाजपा विधायक भावना बोहरा ने काफिला रोककर घायल की मदद कर मिसाल पेश की.



दरअसल, पंडरिया विधायक भावना बोहरा बिलासपुर से लौट रही थी. इस दौरान सड़क पर हादसे में खून से लथपथ युवक को देखकर उन्होंने अपना काफिला रुकवाया. इसके बाद विधायक भीड़ में पहुंची और घायल युवक के सिर बह रहे खून को रोकने के लिए कपड़ा भी रख दिया. मसीहा की तरह पहुंची विधायक भावना ने अपनी गाड़ी से युवक को अस्पताल पहुंचाया. फिलहाल अस्पताल में युवक का इलाज जारी है. वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने विधायक भावना बोहरा के इस मानवीय कदम की सराहना की.

## नवरात्रि पर रेलवे की सौगात

## डोंगरगढ़ में 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज, स्पेशल मेमू ट्रेन भी चलेगी

**रायपुर,** 20 सितंबर (हाईवे चैनल)। नवरात्रि पर्व के दौरान रेलवे ने भक्तों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर 9 दिनों के लिए स्टापेज दिया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने इसके लिए समय सारिणी जारी कर दी है। इसके अलावा, यात्रियों की सुविधा के लिए एक स्पेशल मेमू ट्रेन चलाई जाएगी और दो मेमू ट्रेनों का विस्तार भी किया गया है। रेलवे प्रशासन हर साल नवरात्रि के दौरान डोंगरगढ़ में आधा दर्जन से अधिक एक्सप्रेस ट्रेनों को स्टापेज की सुविधा देता है। इस बार भी पांच जोड़ी यानी कुल 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक सुनिश्चित किया गया है।



यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त कदमः नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने एक स्पेशल मेमू ट्रेन चलाने का फैसला किया है। साथ ही, दो मेमू ट्रेनों के मार्ग का विस्तार भी किया गया है ताकि यात्रियों को अधिक सुविधा मिल सके।

### इन ट्रेनों को मिलेगा स्टापेज

- बिलासपुर-भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस
- बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- बिलासपुर-चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस
- बिलासपुर-पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस
- रायपुर-सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस

### ओडिशा छत्तीसगढ़ होते हुए गुजरात के लिए दौड़ेगी अमृत भारत एक्सप्रेस

ब्रह्मपुर (ओडिशा)-उधना (सूरत, गुजरात) के बीच जल्द अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरु होगा. इसकी घोषणा कर दी गई है. यह ट्रेन बिलासपुर तो नहीं आएगी लेकिन, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के रायपुर व गोंदिया स्टेशन से होकर गुजरेगी. भारतीय रेल यात्रियों की सुविधा पर ध्यान दे रही है. इसी के तहत ही अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन की शुरुआत की जा रही है. ब्रह्मपुर से उधना के बीच चलने वाली यह नई ट्रेन ओडिशा से गुजरात तक सीधी लंबी दूरी की कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी और पूर्वी, मध्य तथा पश्चिम भारत के अनेक महत्वपूर्ण जिलों और शहरों को जोड़ेगी। इस ट्रेन की विशेषता यह है कि ओडिशा से गुजरात तक सीधी और तेज रेल कनेक्टिविटी हो जाएगी, जिससे यात्रियों की यात्रा का समय घटेगा. इसके अलावा खनिज, वस्त्र, औद्योगिक व व्यापारिक क्षेत्रों को जोड़कर आर्थिक एवं औद्योगिक गतिशीलता को प्रोत्साहन मिलेगा. आधुनिक एलएचबी कोचों से युक्त, आरामदायक यात्रा अनुभव और बेहतर सीटिंग और आनबोर्ड सुविधाएं होंगी. इस अमृत भारत एक्सप्रेस के प्रारंभ होने से न केवल ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात के यात्रियों को लाभ मिलेगा, बल्कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्टेशनों से भी यात्रियों की यात्रा और अधिक सहज एवं सुविधाजनक होगी।